संख्या-7/1069/78-1-2013-55/2013

प्रेषक,

निर्मला श्रीवास्तव ,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- प्रबन्ध निदेशक,
यू0पी0एल0सी,
लखनऊ।

2- समन्वयक,
एस0टी0पी0आई0,
अपट्रान भवन, गोमती नगर
लखनऊ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक 04अक्टूबर, 2013

विषय:- अपट्रान इस्टेट पनकी में स्थित टेस्ट एवं डेवलपमेन्ट सेन्टर की भूमि को आवंटित करने विषयक ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 के पत्र संख्या-993/18-2-2013-170(ल0उ0)/12 दिनांक 25 सितम्बर, 2013 की छायाप्रति भेजते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपट्रान इस्टेट पनकी में स्थित टेस्ट एवं डेवलपमेन्ट सेन्टर भूमि को साफ्टवेयर टेक्नालाजी पार्क की स्थापना हेतु अथवा उद्यमियों को आवंटित किये जाने के बिन्दु पर विचार-विमर्श हेतु अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में दिनांक 09.10.2013 को मध्यान्ह 12.00 बजे उनके लाल बहादुर शास्त्री भवन, भूतल स्थित सभाकक्ष में एक बैठक आहूत की गयी है।

2- कृपया पत्र में की अपेक्षानुसार भूमि/आस्थान के संबंध में समस्त सूचनाओं सहित बैठक में नियत तिथि एवं समय पर प्रतिभाग करने के साथ ही अपेक्षित सूचना शासन को भी बैठक के पूर्व उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

संलग्नक-यथोपरि ।

भवदीया,

http://shanadesh.up.nic.in

(निर्मला श्रीवास्तव)

अनु सचिव

http://shanadesh.up.nic.in